# Title: Regarding establishment of Post Office Passport Seva Kendra in Guna and Shivpuri in Madhya Pradesh

**श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना):** मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत तीन जिले अशोकनगर, गुना और शिवपुरी आते है जिनकी जनसंख्या 40 लाख से अधिक है और इनमे से गुना को आकांक्षी जिलों की सूची में भी रखा गया है । भारत सरकार द्वारा 2014 से अब तक 400 से अधिक नए पासपोर्ट केंद्रों की स्थापना की गई है जिसमे गुना और शिवपुरी के लिए भी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र को 2019 में स्वीकृति दी गयी थी । 3 वर्ष पश्चात भी गुना और शिवपुरी में पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना के सन्दर्भ में कुछ व्यापक कार्य नहीं हुए है और मेरे क्षेत्र के निवासियों को पासपोर्ट बनवाने के लिए ग्वालियर, इंदौर या भोपाल तक यात्रा करनी पड़ती है और पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया में विलंब होने के अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ता है । मेरा सरकार से निवेदन है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र की जनता को पासपोर्ट सेवा केंद्र के अभाव में हो रही दिक्कत का निवारण करने हेतु गुना और शिवपुरी के लिए स्वीकृत पासपोर्ट सेवा केंद्रों की स्थापना के कार्य को समय सीमा के अंदर पूरा करने के लिए विदेश मंत्रालय उपयुक्त कदम उठाये और तत्काल प्रभाव से इनके निर्माण के काम को शुरू किया जाए जिससे उन्हें दूसरे जिलों तक यात्रा करने की आवश्यकता न पड़े ।